हदीस शब्दावली का परिचय

रेटिंग:

विवरण: ???? ?? ??????? ???? ??????? ?????? ?? ?? ????????? ????? ?? ???? ?????? ?? ???? ??? ????? ??? ???????

श्रेणी: पाठ > पैगंबर मुहम्मद > हदीस और सुन्नत

द्वारा: Aisha Stacey (© 2014 NewMuslims.com)

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य

- इस्लामी साहित्य मे प्रयुक्त हदीस से संबंधित कुछ सामान्य शब्दों को समझना।

- यह समझना कि हदीस का वर्गीकरण एक सावधानीपूर्वक किया गया प्रयास है और इसमें शैक्षिक अनुशासन शामिल है।

अरबी शब्द

- *???* - कमजोर।

- *????* - (बहुवचन - हदीसें) यह एक जानकारी या कहानी का एक टुकड़ा है। इस्लाम में यह पैगंबर मुहम्मद और उनके साथियों के कथनों और कार्यों का एक वर्णनात्मक रिकॉर्ड है।

- *???* - अच्छा।

- *????* - किसी भी हदीस को बताने वालो की श्रृंखला।

- *???* - हदीस का पाठ।

- *????* - गढ़ा गया या जाली।

- *?????* - "सहाबी" का बहुवचन, जिसका अर्थ है पैगंबर के साथी। एक सहाबी, जैसा कि आज आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग किया जाता है, वह है जिसने पैगंबर मुहम्मद को देखा, उन पर विश्वास किया और एक मुसलमान के रूप में मर गया।

·???? - उत्तम, दोष रहित।

·?????? - अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर सुन्नत शब्द के कई अर्थ हैं, हालांकि आम तौर पर इसका अर्थ है जो कुछ भी पैगंबर ने कहा, किया या करने को कहा।

परिचय

मुसलमानों का मानना है कि इस्लाम का दूसरा प्राथमिक स्रोत पैगंबर मुहम्मद (उन पर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) की सुन्नत है। सुन्नत को एक रहस्योद्घाटन माना जाता है और यह हदीस के रूप में ज्ञात साहित्य के भीतर समाहित है। क़ुरआन और सुन्नत को एक -दूसरे का सहारा लिए बिना सही ढंग से नहीं समझा जा सकता है क्योंकि सुन्नत इस बात का व्यावहारिक उदाहरण है कि पैगंबर मुहम्मद ने क़ुरआन को अपने चरित्र में और अपने दैनिक जीवन में कैसे लागू किया।

इस संक्षिप्त पाठ का उद्देश्य हदीस शब्दावली का संक्षिप्त परिचय देना है ताकि आप भाषा और शब्दो से भ्रमित न हों और ऐसा महसूस करें कि आप अपनी समझ की गहराई से परे पढ़ रहे हैं। यह न तो कोई पाठ्यक्रम है और न ही किसी पाठ्यक्रम का परिचय; हालांकि, यह उन शब्दों के बारे मे बताएगा जिन्हें आप और अधिक गहराई से जानना चाहेंगे।

एक कहावत या कहानी हदीस कैसे बनती है?

जब पैगंबर मुहम्मद जीवित थे, तब इस्लाम की व्यावहारिकता के संबंध में कोई समस्या होने पर लोग सीधे उनके पास जाते थे। उनकी मृत्यु के बाद, सहाबा ने सभी समस्या को स्पष्ट किया या विवादों को सुलझाया। हालांकि, जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह जानना महत्वपूर्ण हो गया कि इस्लाम से जुड़ी बातें और परंपराएं कैसे सामने आईं। यह जानना आवश्यक हो गया कि किसिने क्या कहा और कथन कहां से आये या इसकी वर्णन श्रृंखला क्या है। इस प्रकार हम देखते हैं कि हदीस दो भागों से बनी है; मतन (का पाठ) और इसनद (फैलाने वाले या कथावाचक या वर्णन करने वालो की श्रृंखला)। कोई पाठ तार्किक या उचित लग सकता है लेकिन कथाकारों की एक श्रृंखला के बिना, यह हदीस नहीं है।

हदीस का वर्गीकरण

हदीस की विशाल मात्रा जो आज मौजूद है, तब शुरू हुई जब सहाबा और उनके बाद आने वाले लोगों ने पैगंबर मुहम्मद के कथनो और उनके कार्यों के विवरण को याद करना, लिखना और आगे बढ़ाना शुरू कर दिया। जैसे-जैसे कई उत्कृष्ट व्यक्तियों ने सैकड़ों-हजारों कथनों को इकट्ठा करना शुरू किया, झूठे कथनो को अलग करने का एक तरीका खोजना आवश्यक हो गया था। जो पद्धति विकसित हुई वह हदीस का विज्ञान बन गई। यह वास्तविक कथनो को झूठे कथनो से अलग करता है और उन्हें कुछ श्रेणियों में वर्गीकृत करता है।

हदीस का वर्गीकरण एक सूक्ष्म विज्ञान है और इसमें कई शताब्दियों में निर्मित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन शामिल है। हदीस को वर्गीकृत करने के कई तरीके हैं और आप जो भी हदीस पढ़ते हैं वह वर्गीकरण के कई तरीकों से गुजरा होता है, जिसमे शामिल है लेकिन सीमित नही है, मतन या इसनाद मे पाए जाने वाले दोष, इसनाद मे कितने वर्णनकर्ता हैं, या मतन का वर्णन कैसे किया गया है। हालांकि, वर्णनकर्ताओ की विश्वसनीयता और स्मृति के अनुसार हदीसों को वर्गीकृत करना सबसे प्रसिद्ध और सबसे दृश्यमान तरीका है। इस पद्धति के साथ, हदीसों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है। हदीस को सहीह (उत्तम), हसन (अच्छा), ज़ईफ़ (कमजोर) या मौज़ू (गढ़ा हुआ या जाली) कहा जाता है।

सहीह

यह हदीस का सबसे प्रामाणिक और विश्वसनीय वर्ग है। हदीस के विद्वान इब्न अस-सलाह (1181 - 1245 सीई) के अनुसार एक सहीह हदीस वह है जिसमें एक निरंतर इसनाद है, जो भरोसेमंद स्मृति वाले वर्णनकर्ताओं से बना है और मतन या इसनाद में किसी भी अनियमितता से मुक्त है।

सदियों से कई लोगों ने हदीसों को एकत्र किया और उन्हें संदर्भ पुस्तकों में संकलित किया। ऐसे संग्राहकों में सबसे प्रसिद्ध इमाम अल-बुखारी और इमाम मुस्लिम हैं। ये ऐसे नाम हैं जिन्हें आप अक्सर उद्धृत हदीस या फुटनोट्स में देखेंगे। ये लोग कथावाचक नहीं हैं; बल्कि ये वे हैं जिन्होंने हदीस को सख्त तरीकों और शर्तों/आवश्यकताओं के साथ संकलित और वर्गीकृत करने में वर्षों बिताए। वे अपने साहित्य में केवल सहीह हदीसों को शामिल करने के लिए जाने जाते हैं।

निम्नलिखित ग्रेडिंग स्तर केवल सहीह हदीस के लिए हैं।

1.जो अल-बुखारी और मुस्लिम ने दर्ज किये हैं;

2.जो केवल अल-बुखारी ने दर्ज किए हैं;

3.जो केवल मुस्लिम ने दर्ज किए हैं।

जो उपरोक्त दो संग्रहों में नहीं पाए जाते हैं; लेकिन

4.जो अल-बुखारी और मुस्लिम दोनों की आवश्यकताओं के अनुसार हैं;

5.जो केवल अल-बुखारी की आवश्यकताओं के अनुसार है;

6.जो केवल मुस्लिम की आवश्यकताओं के अनुसार है; तथा

7.जिन्हें अन्य स्वीकृत संग्रहों में सहीह घोषित किया गया है।

हसन

हसन शब्द का अर्थ है अच्छा, और इब्न अस-सलाह ने हसन हदीस को एक सहीह हदीस से कम स्तर के रूप में वर्णित किया है। यह मतन और इसनाद दोनों में अनियमितताओं से मुक्त है, लेकिन एक या अधिक वर्णनकर्ताओं की स्मृति कम विश्वसनीय हो सकती है, या यह हदीस के सहीह वर्गीकरण के सख्त नियमों के अनुसार नही है।

सहीह और हसन हदीस दोनों का इस्तेमाल कानून का समर्थन करने या कानून की बात करने के लिए किया जा सकता है। कई हदीसों को ज़ईफ़ माना जाता है जो एक दूसरे को हसन के स्तर तक बढ़ा सकते हैं अगर वर्णनकर्ताओं की कमजोरी कम हो। हालांकि, अगर कमजोरी गंभीर है, तो हदीस ज़ईफ़ ही रहेगी।

ज़ईफ़

वह हदीस जो हसन के स्तर तक पहुंचने में विफल रहती है उसे ज़ईफ़ कहते हैं। आमतौर पर कमजोरी एक टूटी हुई इसनाद होती है या कि एक या एक से अधिक वर्णनकर्ताओं में चरित्र दोष होता है। ये वर्णनकर्ता झूठ बोलने, अत्यधिक गलतियां करने, अधिक विश्वसनीय स्रोत के कथनों का विरोध करने, नवाचार में शामिल होने, या चरित्र की कुछ अन्य अस्पष्टता के लिए जाने जाते हैं।

मौज़ू

मौज़ू हदीस वह होती है जो या तो गढ़ी जाती है या जाली होती है। मौज़ू हदीस का मतन आमतौर पर स्थापित मानदंडों के खिलाफ जाता है या किसी विशेष घटना की तारीखों या समय मे कुछ त्रुटि या विसंगति होती है। हालांकि हदीस गढ़े जाने के कई कारण हैं और इनमें शामिल हैं, राजनीतिक दुश्मनी, कहानीकारों द्वारा मनगढ़ंत कहानी, कहावतें जो हदीस में बदल गईं, व्यक्तिगत पक्षपात और

जानबूझकर भ्रामक प्रचार।

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/index.php/hi/articles/336

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।